बालको एल्यूमीना प्लांट, कोरबा, मध्य प्रदेश का बंद होना

382. डा. लक्ष्मीनारायण पांडेय : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कोरबा स्थित बालको एल्यूमीना प्लांट कब से बन्द पड़ा है ;

(ख) इसके बन्द होने के कारण क्या हैं और कितना एल्यूमीना कारखानों में पड़ा है ;

(ग) वहां पर काम करने वाले स्थायी कर्मचारियों और अधिकारियों की इस समय संख्या कितनी है ; और

(घ) उनके वेतनों आदि पर होने वाला तथा इस कारखाने पर हो रहा अन्य कुल मासिक व्यय कितना है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुखदेव प्रसाद) : (क) भारत अल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड के कोरबा एल्यूमिना संयंत्र जिसमें नवम्बर, 1973 के मध्य से उत्पादन बन्द हो गया था, में 21 जनवरी, 1974 से उत्पादन शुरू हो गया है ।

(ख) संयंत्र में लगभग 12000 टन एल्यूमिना का इकट्ठा हो जाने तथा एल्यूमिना की की बिक्री में कठिनाई के कारण नवम्बर 1973 से उत्पादन बंद करना पड़ा था । संयंत्र के पास इस समय लगभग 11,000 टन एल्यूमिना का भंडार है । 10,000 टन की बिक्री हो जाने से इसके शीघ्र कम हो जाने की आशा है ।

(ग) संयंत्र में काम करने वाले नियमित कर्मचारियों और अधिकारियों की संख्या क्रमशः 700 तथा 99 है ।

(घ) संयंत्र में काम करने वाले परिचालन कर्मचारियों तथा अधिकारियों का वेतन बिल लगभग 2.40 लाख रुपये मासिक होता है । संयंत्र का अन्य निर्धारित मासिक व्यय, घिसावट-मूल्य तथा ब्याज को छोड़ कर, लगभग 50,000 रुपये होता है । सरकार से लिए गए ऋण पर ब्याज की मात्रा 1.30 करोड़ रुपये वार्षिक है ।

अमरीका के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध पुनः स्थापित करना

383. डा. लक्ष्मीनारायण पांडेय : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डा. किसिंजर ने पी. एल. 480 के बारे में हाल ही में हुए करार को भारत और अमरीका के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध फिर से स्थापित करने की दिशा में एक शुरूआत बताया है ; और

(ख) क्या उन्होंने उक्त वक्तव्य संसद में अंतराष्ट्रीय स्थिति पर हो रही चर्चा के दौरान अमरीका के साथ हमारे संबंधों पर भाषण देने के बाद दिया था ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां, डाक्टर किसिंजर ने यह वक्तव्य विदेश मंत्री के संसद में भाषण के बाद दिया था ।

Lignite Production at Neyveli

384. SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether there is any proposals for the expansion of lignite production at Neyveli;

(b) if so, the main features thereof; and

(c) the time by which completion of development projects is expected?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SUBODH HANSDA) : (a) and (b). Yes Sir. A proposal to step up the production of lignite to a level of 6.5 million tonnes per annum, with an investment of Rs. 36 crores on the specialised mining equipment, is under active consideration of the Government.

(c) By 1977-78.